# मुख्य अभियंता, गुणवत्ता अनुश्रवण का कार्यालय
# भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

पत्रांक–भ0मु0अभि0गु0अनु0 / 267 / 2026 / पटना, दिनांक– ..................

प्रेषक,

ई0 परमेश्वर सिंह,
मुख्य अभियंता,
गुणवत्ता अनुश्रवण,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

**विषयः–** **राज्य में संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रयुक्त सामग्रियों को एकत्रित कर केन्द्रीय प्रयोगशाला राजवंशीनगर, भवन निर्माण विभाग पटना में जमा कर जाँच किए जाने के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **विभागीय पत्रांक– 235, सह–पठित ज्ञापांक– 7016 (भ), दिनांक– 28.07.2026।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य में भवन निर्माण विभाग द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्त योजनाओं में प्रयुक्त होने वाले नमूने / सामग्रियों को आप सभी के द्वारा जाँच हेतु कन्द्रीय प्रयोगशाला राजवंशीनगर में जमा किया जाता है। विभागीय पत्रांक– 235, सह–पठित ज्ञापांक– 7016 (भ), दिनांक– 28.07.2026 के आलोक में ज्ञात हो कि योजनाओं में प्रयुक्त नमूने एवं सामग्रियों के निष्पक्ष जाँच हेतु श्री सुभाष कुमार, अधीक्षण अभियंता, भवन निरूपण संख्या–02 भवन निर्माण विभाग पटना को नामित किया गया है, एवं श्री कुमार, अधीक्षण अभियंता को जाँच कार्य में सहयोग हेतु मो0 हाशिम अली, कार्यपालक अभियंता, भवन निरूपण अंचल सं0–1, श्री उत्तम कुमार, सहायक अभियंता, भवन निरूपण अंचल सं0–1 तथा श्री पवन कुमार, प्राक्कलन पदाधिकारी, अग्रिम योजना अंचल, पटना को प्राधिकृत किया गया है। उक्त व्यवस्था के तहत योजनाओं में उपयोग में लाए जा रहे सामग्रियों / नमूनों को एकत्रित कर आप स्वयं अथवा सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा हीं केन्द्रीय प्रयोगशाल राजवंशीनगर, भवन निर्माण विभाग, पटना में अधीक्षण अभियंता, केन्द्रीय प्रयोगशाला भवन निर्माण विभाग, राजवंशीनगर, पटना के पदनाम से जमा करना सुनिश्चित करेंगे। यदि उपरोक्त सामग्री किन्हीं एजेंसी द्वारा लाया जाता है तो उसे अमान्य (Reject) कर वापस कर दिया जाएगा। साथ ही एकत्रित सामग्रियों को पूर्णरूप से Shield रखेंगे, एवं Shield Material पर एजेंसी के साईट इंजीनियर, विभागीय कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता / कार्यपालक अभियंता का हस्ताक्षर अनिवार्य होगा। हस्ताक्षर नहीं होने की स्थिति में Material संग्रहण नहीं लिया जाएगा।

अतएव आप सभी को निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त नियमों का अनुपालन सुदृढ़ तरीके से करना सुनिश्चित करेंगे।

**कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दे।**

**अनु0– यथोक्त**

विश्वासभाजन
ह0 / –
**(ई0 परमेश्वर सिंह)**
मुख्य अभियंता,
गुणवत्ता अनुश्रवण,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

P.T.O

ज्ञापांक– पटना, दिनांक–

**प्रतिलिपिः–सभी** अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
मुख्य अभियंता,
गुणवत्ता अनुश्रवण,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– पटना, दिनांक–

**प्रतिलिपिः– सभी** मुख्य अभियंता (विद्युत सहित), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

ह0/–
मुख्य अभियंता,
गुणवत्ता अनुश्रवण
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– पटना, दिनांक–

**प्रतिलिपिः**–अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

ह0/–
मुख्य अभियंता,
गुणवत्ता अनुश्रवण
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– पटना, दिनांक–

**प्रतिलिपिः**–सचिव के प्रधान आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

ह0/–
मुख्य अभियंता,
गुणवत्ता अनुश्रवण
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–682 पटना, दिनांक–11/08/24

**प्रतिलिपिः**–आई0 टी0 मनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता,
गुणवत्ता अनुश्रवण
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।